RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

67 वां वर्ष

# दण्डकारण्य समाचार

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, मंगलवार 17 जून 2025 ■ वर्ष 67 ■ अंक 139 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

## सामरिक साझेदारी के लिए रोडमैप बनायेंगे भारत और साइप्रस : मोदी

निकोसिया, 16 जून (एजेंसी)। भारत और साइप्रस अपनी साझेदारी को सामरिक स्तर तक ले जाने के लिए अगले पांच वर्षों का रोडमैप बनायेंगे जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम और साइबर तथा सुमुद्री क्षेत्र में सुरक्षा पर वार्ता भी शामिल होगी।



साइप्रस की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए साइप्रस के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है। दोनों देश साझेदारी को सामरिक दायरे तक बढाने के लिए पांच वर्षों का रोड़ मैप तैयार करेंगे। श्री मोदी ने कहा, अपनी साझेदारी को स्ट्रेटेजिक दिशा देने के लिए हम अगले पाँच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनायेंगे। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जायेगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से वार्ता शुरू की जायेगी। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लड़ाई को समर्थन देने के लिए साइप्रस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा,÷ क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के सतत समर्थन के हम आभारी हैं। आतंकवाद, ड्रग और हथियारों की तस्करी की रोकथाम के लिए, हमारी एजेंसीज के बीच जल्द से जल्द सूचनाओं के आदान प्रदान का मैकेनिज्म तैयार किया जायेगा।

श्री मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट में सुधारों को लेकर भी भारत और साइप्रस के विचार एक समान हैं। उन्होंने कहा , ÷ संयुक्त राष्ट को समकालीन बनाने के लिए जरूरी सुधार को लेकर हमारे विचारों में समानता है। साइप्रस द्वारा सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए हम आभारी हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर भी हमने बात की। हम सहमत हैं कि भारत - मध्य एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारे से क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रधानमंत्री ने उन्हें साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किये जाने को भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता करार दिया। उन्होंने कहा, कल, जब से मैंने साइप्रस की धरती पर कदम रखा है, राष्ट्रपति जी और यहाँ के लोगों ने जो अपनापन और स्नेह दिखाया, वह सीधे दिल को छू गया। मुझे साइप्रस के इतने बड़े सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता की मोहर है। इसके लिए मैं एक बार फिर आभार व्यक्त करता हूँ। श्री मोदी आज ही साइप्रस से कनाड़ा रवाना होंगे जहां वह जी -7 देशों की शिखर बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वह क्रोएशिया की यात्रा पर जायेंगे।

### मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण

निकोसिया, 16 जून (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'दि ग्रांड क्रॉस ऑफ दि ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3' से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने भारत एवं साइप्रस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर भी बल दिया।

### सोनिया गांधी अस्पताल में, हालत स्थिर

नयी दिल्ली, 16 जून (एजेंसी)। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। श्रीमती गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय श्रीमती गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। श्रीमती गांधी की पिछले सप्ताह भी अस्पताल में स्वास्थ्य जांच की गयी थी।

### महाराष्ट्र में वर्षाजनित घटनाओं में 18 लोगों की मौत, 65 घायल

मुंबई 16 जून (एजेंसी)। महाराष्ट्र में गत एक जून से अब तक वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई और 65 लोग घायल हुए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार भारी बारिश के कारण सड़क दुर्घटनाएं, पुल से गिरना, डूबना, बिजली गिरना और आग लगने जैसी विभिन्न घटनाओं में 18 लोगों और छह मवेशियों की मौत हुई है। प्राधिकरण के सूत्रों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और रायगढ़ जिलों जैसे विभिन्न स्थानों पर बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी।

## जनगणना को लेकर अधिसूचना जारी 2 चरणों में होगी आबादी की गिनती

नईदिल्ली,16 जून (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने जनगणना को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। यह 2 चरणों में अक्टूबर 2026 और मार्च 2027 से शुरू होगी। यह भारत की 16वीं जनगणना होगी।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना में बताया गया है कि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना अक्टूबर 2026 से शुरू होगी। इसके बाद माईच 2027 से अन्य राज्यों में जनगणना शुरू की जाएगी। जनगणना के साथ ही जाति जनगणना भी होगी। पहले चरण की जनगणना को हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन के नाम से जाना जाएगा।

इसमें परिवार की संपत्ति, पारिवारिक आय, आवास की स्थिति और सुविधाओं से संबंधित डेटा एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना के तहत घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की जाएगी। इस की जनगणना भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। ऐसे में उत्तर देने वाले निवासी घर से ही प्रश्नों के उत्तर को दे सकेंगे। इसमें घर-घर जाकर जनगणना तो की जाएगी, लेकिन यह सभी चीजें टैबलेट और मोबाइल के जरिए होंगी। लोगों को ऑनलाइन भी जनगणना में शामिल होने का मौका मिल सकता है।

इसके अलावा पहली बार जनगणना में जाति की गणना भी जनगणना की प्रक्रिया होगी, जिसकी काफी समय से मांग उठ रही थी। जनगणना की तिथियां सामने आने के बाद अब महिला आरक्षण विधेयक और विवादास्पद परिसीमन प्रक्रिया का भी रास्ता साफ हो गया है। जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिसमें अंतर्गत सभी राज्यों में सीटों का जनसंख्या के अनुसार आकलन किया जाएगा।

### पन्ना में चमकी किसान की किस्मत, 3.01 कैरेट का मिला डायमंड

पन्ना, 16 जून (एजेंसी)। रत्नगर्भा धरती पन्ना ने एक फिर नया हीरा उगला है। जिसमें किसान की किस्मत खुल गई। किसान ने हीरा कार्यालय पन्ना में हीरे को जमा करवाया है. हीरे का वजन 3.01 कैरेट है. जिसकी अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख रुपए आंकी जा रही है, जो आगामी नीलामी में बिक्री के लिए रखा जाएगा।

हीरा मिलने वाले किसान राकेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि हीरा मिलने की बहुत खुशी है. हीरे का वजन 3.01 कैरेट है. इसकी अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है. हीरा बिक्री से जो पैसा मिलेगा, उसे हम चार पार्टनरों में बांट लेंगे।

### प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भेजा नया समन

नईदिल्ली,16 जून (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी कर मंगलवार (17 जून) को पेश होने को कहा है। इससे पहले ईडी ने उन्हें 10 जून को भी समन जारी किया था, लेकिन वाड्रा ने निजी कारणों से उपस्थित होने के लिए दूसरी तारीख देने की मांग की थी। इस पर अब उन्हें नया समन जारी किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भंडारी के खिलाफ जारी ईडी की जांच में वाड्रा भी जांच के दायरे में हैं। लंदन में 2 संपत्तियों के साथ भारत में कुछ जमीनों से उनका संबंध है। एक अधिकारी ने बताया कि वाड्रा को मंगलवार के लिए नया समन जारी किया गया है। हालांकि, इस मामले में वाड्रा ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। ऐसे में पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। 61 वर्षीय भगोड़े भंडारी के खिलाफ ईडी के अलावा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), आयकर विभाग और दिल्ली पुलिस भी मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा के उल्लंघन के साथ-साथ काले धन कानूनों के उल्लंघन के तहत जांच कर रही है। संवेदनशील रक्षा दस्तावेजों तक पहुंच रखने वाले भंडारी की आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत भी जांच की जा रही है। बता दें कि ईडी ने इस मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर साल 2016 में एफआईआर दर्ज की थी।

## पंजीकृत सोसायटी में काम करना सरकारी कर्मचारी होने का सबूत नहींः सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 16 जून (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि किसी पंजीकृत सोसायटी में काम करने वाले व्यक्ति को सरकारी कर्मचारी नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने त्रिपुरा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए ये टिप्पणी की, जिसमें याचिकाकर्ता को कथित सरकारी सेवा से बर्खास्त किए जाने के फैसले को बरकरार रखा गया था। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता ने अपनी रोजगार स्थिति को गलत तरीके से पेश किया था।

याचिकाकर्ता को अगरतला के एक बुनकर सेवा केंद्र से (जूनियर बुनकर के पद से) बर्खास्त कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने पहले त्रिपुरा आदिवासी कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी (टीटीडब्ल्यूआरईआईएस) में शिल्प शिक्षक के रूप में काम किया था। यह सोसाइटी राज्य सरकार के सहयोग से चलने वाला एक स्वायत्त निकाय है। याचिकाकर्ता ने जूनियर बुनकर के पद के लिए पात्रता का दावा इस आधार पर किया था कि वह उक्त सोसायटी में काम करने के कारण सरकारी कर्मचारी है। केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय द्वारा की गई जांच और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा सत्यापन के बाद यह पुष्टि हुई कि सोसाइटी एक सरकारी विभाग नहीं बल्कि एक पंजीकृत सोसायटी है। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की, अनुच्छेद 12 के तहत एक सोसायटी होने से वहां काम करने वाला व्यक्ति सरकारी कर्मचारी नहीं बन जाता है।

## खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और राज्य का गौरव बनोः साय

रायपुर,16 जून (एजेंसी)। नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल की घंटी फिर से गूंजने लगी हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूली बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा है– खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और छत्तीसगढ़ का गौरव बनो।



मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूली बच्चों से कहा है कि नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ एक नई शुरुआत हो रही है। आज का यह दिन हम सभी के लिए विशेष है। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़िए, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ÷हमने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की नई शिक्षा नीति के संकल्पों के अनुरूप व्यापक बदलाव कर प्रदेश के भविष्य को सँवारने का प्रयास किया है। आप निश्चिंत होकर पढ़ाई में मन लगाइए, बाकी की चिंता मुझ पर छोड़ दीजिए। आपकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी विद्यालय अब शिक्षकविहीन न रहे। इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि शिक्षा का एक समग्र और प्रेरणादायक वातावरण बन सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी नए शैक्षणिक सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### विमान हादसे की जांच करने बोइंग विशेषज्ञों की टीम गुजरात पहुंची

अहमदाबाद,16 जून (एजेंसी)। गुजरात में उड़ान भरने के ठीक बाद दुर्घटनाग्रस्त होने वाले एयर इंडिया हादसे की जांच करने बोइंग कंपनी के विशेषज्ञ सोमवार को अहमदबाद पहुंच गए हैं। अमेरिकी अधिकारी और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के अधिकारी अहमदाबाद हवाई अड्डे से सीधे दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हुए। टीम कुछ दिनों तक भारत में रहकर बोइंग हादसे से जुड़े मामले की तफ्तीश करेगी। गुरुवार 12 जून को अहमदाबाद-लंदन एआई-171 (बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर) 242 यात्रियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की व्यापक जांच जून 2023 में हुई थी। अब दिसंबर 2025 में इसकी जांच होनी थी, लेकिन उससे पहले हादसा हो गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8 और 9 विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया है।

## अमरनाथ यात्रा को लेकर सभी सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

श्रीनगर, 16 जून (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर पुलिस और प्रशासन ने आगामी तीन जुलाई से विश्व प्रसिद्ध अमरनाथ यात्रा शुरु होने से पहले सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जिसमें सभी सुरक्षा एजेंसियों को 'उच्च सतर्कता' बरतने के निर्देश दिए गए।



उत्तर कश्मीर के पुलिस उप महानिरीक्षक मकसूद-उल-जमान ने आज सभी सुरक्षा एजेंसियों को उच्च सतर्कता और निर्बाध समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बांदीपोरा जिले में व्यापक सुरक्षा इंतजाम की भी समीक्षा की। गौरतलब है कि अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के बालटाल के दोहरे मार्गों से शुरू होने वाली है। बालटाल के सबसे छोटे मार्ग से जाने वाले यात्री बांदीपोरा जिले के शादीपोरा ट्रांजिट कैंप में रुकते हैं - जो तीर्थयात्रियों के लिए बीच रास्ते में पड़ने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। समीक्षा के दौरान डीआईजी जमान के साथ एसएसपी बांदीपोरा हरमीत सिंह और वरिष्ठ पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस के बयान में कहा गया,टीम ने उत्तरी कश्मीर में इस महत्वपूर्ण पारगमन बिंदु से गुजरने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए तैनाती रणनीति, निगरानी प्रणाली, आपातकालीन तैयारियों तथा रसद व्यवस्था का आकलन किया।

यात्रा के दौरान डीआईजी ने समग्र तैनाती योजना, सीसीटीवी निगरानी, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं, यातायात विनियमन और आकस्मिक प्रतिक्रिया तंत्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद सुंबल में सीआरपीएफ 45 बटालियन मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस, एसएसबी और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### आज का इतिहास

1885-स्टैचू ऑफ लिबर्टी न्यूयार्क के बंदरगाह पहुंचा।
1928-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, कवि, साहित्यकार तथा उड़ीसा के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता गोपबंधु दास का निधन।
1942-उत्तराखंड के राजनीतिज्ञ तथा पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का जन्म।
1973-भारत के सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस का जन्म।
1981-हिन्दी चलचित्र अभिनेत्री अमृता राव का जन्म।

### बहुत खूब




## पर्यटक से 500 रुपये की गड्डी छीनी, फिर पेड़ पर बैठ तसल्ली से लुटाने लगा बंदर

नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसी)। दक्षिण भारत के बदमाश बंदरों का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो तमिलनाडु के लोकप्रिय हिल स्टेशन कोडईकनाल का है, जिसमें एक बंदर ने एक पर्यटक के हाथ से 500-500 रुपये के नोटों की गड्डी छीन ली और फिर पेड़ पर चढ़कर उन पैसों को इधर-उधर बिखेर दिया। जानकारी के अनुसार, यह घटना कोडईकनाल की गुना गुफाओं के पास हुई, जहां कर्नाटक से आया एक पर्यटक इसका शिकार बना। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बंदर पेड़ पर बैठा है और उसके हाथ में नोटों का एक रबर से बंधा बंडल है। थोड़ी ही देर में वह बंदर उस बंडल से एक-एक करके नोट निकालता है और नीचे फेंकना शुरू कर देता है। कुछ ही पलों में पूरा बंडल हवा में बिखर जाता है, और लोग हैरानी से यह नजारा देखते रह जाते हैं। हालांकि, मीडिया इस वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि और समर्थन नहीं करता। वीडियो की शुरुआत में एक बंदर पेड़ पर बैठकर बड़े इत्मीनान से नोटों के बंडल से एक-एक कर पैसे निकालता दिख रहा है। कुछ ही पलों बाद वह पीछे मुड़कर देखने लगता है, मानो उसे अहसास हो गया हो कि उसकी हरकतें किसी कैमरे में कैद की जा रही हैं।



### कोलकाता के खिदिरपुर बाजार में लगी आग, करोड़ों की संपत्ति जलकर खाक

कोलकाता,16 जून (एजेंसी)। कोलकाता के खिदिरपुर इलाके में रविवार देर रात आग लगने से अफरातफरी मच गई. इसके बाद सूचना दमकल विभाग को दी गई. सूचना मिलने के बाद एक-एक कर 20 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. सोमवार सुबह तक आग जलती रही. दशकों पुराने इस बाजार में आग लगने से कई दुकानों को नुकसान पहुंचा. व्यापारियों का कहना है कि आग में करोड़ों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। आग लगने की सूचना पर दमकल मंत्री सुजीत बसु, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंचे. व्यापारियों की मानें तो रविवार को रात करीब 1:15 बजे खिदिरपुर के बाजार में आग लगी. आग तेजी से फैलते हुए विकराल रूप ले लिया. स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि सूचना दिए जाने के बावजूद दमकल की गाड़ियां देर से पहुंचीं, इसलिए ज्यादा नुकसान हुआ। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है. कूलिंग डाउन की प्रक्रिया चल रही है. अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग किस वजह से लगी. स्थानीय लोगों ने आशंका जतायी कि मार्केट में तेल का गोदाम था, जिस वजह से आग तेजी से फैली. इस भीषण आग में छोटी-बड़ी करीब 1300 दुकानें जलकर राख हो गई. अभी तक नुकसान का सही पता नहीं चल पाया है।

## ईरान में फंसे भारतीयों को जमीनी रास्ते से सुरक्षित निकाला जाएगा, 4 देशों से आएंगे भारत

नईदिल्ली,16 जून (एजेंसी)। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत सरकार ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। सरकार ने ईरानी विदेश मंत्रालय से अनुरोध किया है कि असुरक्षित ईरानी हवाई क्षेत्र को देखते हुए भारतीयों को जमीनी रास्ते से बाहर निकालने की अनुमति दी जाए।

इस पर ईरानी विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार समेत अन्य देशों के अनुरोध को मानते हुए जमीनी सीमाओं को खोल दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान स्थिति और देश के हवाई अड्डों के बंद होने के साथ-साथ कई राजनीतिक मिशनों ने अपने राजनयिकों और नागरिकों को विदेश स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। इसे देखते हुए, सूचित किया जाता है कि सभी भूमि सीमाएं पार करने के लिए खुली हैं। ईरान में फंसे भारतीयों को उसकी देश की सीमा से लगती अर्मेनिया, अफगानिस्तान, अजरबैजान और तुर्कमेनिस्तान से निकाला जाएगा। तेहरान ने भारत सरकार से सीमा पार करने वाले भारतीयों के नाम, पासपोर्ट नंबर और वाहन की जानकारी मांगी है। यह उसके जनरल प्रोटोकॉल विभाग को देनी होगी।

ईरान ने यात्रा का समय और वांछित सीमा के बारे में भी पूछा है, ताकि राजनयिकों, नागरिकों और छात्रों की निकासी के समय सुरक्षा की व्यवस्था की जा सके। बता दें कि ईरान में 1,500 छात्र समेत 10,000 से अधिक भारतीय फंसे हैं। अधिकतर छात्र जम्मू-कश्मीर के हैं। भारतीय दूतावास ने ईरान में फंसे भारतीयों को न घबराने, सावधानी बरतने और दूतावास के संपर्क में बने रहने को कहा है। दूतावास ने अपने एक्स अकाउंट पर गूगल फॉर्म भी उपलब्ध कराया और भारतीय नागरिकों से इसे भरकर अपना विवरण देने को कहा है। दूतावास ने एक टेलीग्राम लिंक भी उपलब्ध कराया और ईरान में भारतीय नागरिकों से मिशन से स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए इसमें शामिल होने के लिए कहा।